# प्रदूषण पर लगाम लगाने हाईकोर्ट ने उठाया कदम

**सिवनी नवभारत। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने सिवनी जिले में फ्लाई ऐश के अनियमित परिवहन से हो रहे पर्यावरणीय और स्वास्थ्य संबंधी नुकसान पर गंभीर चिंता जताते हुए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अदालत ने याचिकाकर्ता नीलेश स्थापक की जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करते हुए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को प्रतिवादी बनाया और संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया। यह फैसला स्थानीय निवासियों के लिए एक बड़ी राहत के रूप में देखा जा रहा है, जो लंबे समय से फ्लाई ऐश के फैलाव से प्रभावित हैं।**

नीलेश स्थापक जो सिवनी जिले के लखनादोन के एक पत्रकार हैं, ने इस याचिका के माध्यम से झाबुआ पावर प्लांट से फ्लाई ऐश के परिवहन में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गाइडलाइंस की अवहेलना का मुद्दा उठाया है। याचिका में कहा गया है कि ओवरलोडेड ट्रकों से फ्लाई

### झाबुआ पॉवर प्लांट से फ्लाई ऐश परिवहन का मामला

ऐश सड़कों पर बिखर रही है, जिससे वायु प्रदूषण, सड़क क्षति, कृषि भूमि की हानि और स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं। स्थापक ने बताया कि घंसोर और लखनादोन तहसीलों के गांवों में रहने वाले लोग इस समस्या से सबसे अधिक प्रभावित हैं, जहां फ्लाई ऐश के कारण सांस की बीमारियां, पानी की दूषितता और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है।

अधिवक्ता हितेंद्र कुमार गोल्हानी, जो याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए, ने अदालत को बताया कि कवर किए गए ट्रकों से भी फ्लाई ऐश सड़कों पर गिर रही है, जो पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने 2013 और 2019 की गाइडलाइंस का हवाला देते हुए कहा कि परिवहन में बंद टैंकरों या विशेष वाहनों का उपयोग अनिवार्य है, लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं हो रहा। अदालत ने याचिकाकर्ता की मौखिक प्रार्थना पर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को प्रतिवादी बनाते हुए याचिका में संशोधन की अनुमति दी और दो दिनों के भीतर संशोधित याचिका दाखिल करने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा और न्यायाधीश विनय सराफ की खंडपीठ ने राज्य सरकार के उप महाधिवक्ता विवेक शर्मा की मौजूदगी में सुनवाई की। अदालत ने मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, कलेक्टर सिवनी, पुलिस अधीक्षक सिवनी, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी और अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया। नोटिस 23 मार्च 2026 से शुरू होने वाले सप्ताह में वापस करने योग्य है और मामले को उसी सप्ताह सूचीबद्ध किया गया है।

पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि यह फैसला मध्य प्रदेश में थर्मल पावर प्लांटों से निकलने वाले फ्लाई ऐश के प्रबंधन में सुधार लाएगा। नीलेश स्थापक ने कहा, यह जनहित की लड़ाई है, और अदालत का यह कदम हमें न्याय की उम्मीद देता है। अधिवक्ता हितेंद्र कुमार गोल्हानी ने भी इस फैसले को सकारात्मक बताते हुए कहा कि इससे प्रदूषण नियंत्रण में जिम्मेदारी बढ़ेगी। यह मामला न केवल सिवनी जिले बल्कि पूरे राज्य के लिए एक मिसाल बन सकता है, जहां औद्योगिक अपशिष्ट के सुरक्षित प्रबंधन पर जोर दिया जा रहा है। आगे की सुनवाई में और अधिक स्पष्ट निर्देश आने की संभावना है।





### नीलेश स्थापक ने लगाई है याचिका

यह याचिका नीलेश स्थापक की पिछली प्रयासों की निरंतरता है। उन्होंने पहले भी 2025 में एक पीआईएल दाखिल की थी, जिस पर अदालत ने कलेक्टर सिवनी को गाइडलाइंस के अनुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। हालांकि, अनुपालन न होने पर अवमानना याचिका दाखिल की गई, जिसके बाद रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, लेकिन समस्या बनी रही। अब इस नई याचिका से उम्मीद है कि फ्लाई ऐश परिवहन को सख्त नियमों के तहत नियंत्रित किया जाएगा, जो स्थानीय कृषि, स्वास्थ्य और सड़क सुरक्षा को मजबूत करेगा।

## स्मार्ट क्लास का शुभारंभ, कलेक्टर ने बच्चों से किया संवाद

**सिवनी नवभारत।** भारतीय स्टेट बैंक द्वारा कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (ष्टस्क्र) के अंतर्गत प्राथमिक शाला तिघरा के उन्नयन में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा स्मार्ट क्लास का रिबन काटकर विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने शाला के उन्नयन में सहयोग देने के लिए भारतीय स्टेट बैंक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास ग्रामीण अंचलों में शिक्षा की गुणवत्ता को नई दिशा देते हैं तथा विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं से जोड़ते हैं।

शुभारंभ के उपरांत कलेक्टर श्रीमती पटले ने स्कूली बच्चों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने बच्चों से उनके भविष्य के लक्ष्यों के बारे में पूछा। इस दौरान किसी ने कलेक्टर बनने, किसी ने डॉक्टर तो किसी ने सेना में जाकर देश सेवा करने की इच्छा व्यक्त की। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने सभी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं समर्पण के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा कविता पाठ एवं आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया गया, जिसकी सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में एसडीएम पूर्वी तिवारी, डीपीसी श्री महेश बघेल, लीड बैंक प्रबंधक प्रवीण कुमार दिसोरिया सहित अन्य अधिकारीगण एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## छपारा थाना में शांति समिति की बैठक, हुआ विचार–विमर्श

**छपारा नवभारत।** नगर के पुलिस थाना परिसर पर 27 फरवरी को दोपहर 3 बजे से आगामी त्यौहार होली ईद एवं नवरात्र को लेकर नगर सहित क्षेत्रीय ग्रामों में शांतिपूर्वक कार्यक्रमों को मनाने हेतु शांति समिति की बैठक आयोजित हुई उक्त बैठक में छपारा थाना प्रभारी खेंमेंद्र कुमार जैतवार,नायब तहसीलदार रामसेवक कौल, नगर परिषद छपारा अध्यक्ष श्रीमती निशा सुरेश पटेल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों एवं शांति समिति के सदस्यों की उपस्थिति रही जहां त्यौहारों की दिनांक एवं उनके आयोजन को लेकर विचार–विमर्श किया गया। बैठक में नगर पर पर्याप्त रूप से साफ–सफाई, स्ट्रीट लाइटों के रखरखाव एवं यातायात त्यौहारों के दौरान चाक–चौबंद व्यवस्था रखे जाने को लेकर उपस्थित जनों ने प्रशासनिक से मांग की गई ।



### एक नजर में

## प्रमोद तिवारी हुए सेवानिवृत्त, दी गई विदाई



**सिवनी।** शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या शाला सिवनी में पदस्थ प्रमोद कुमार तिवारी पिता रीवा राम तिवारी का आज 40 वर्षों की सेवा के उपरांत सेवानिवृत्ति पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती आराधना राजपूत ने उन्हें अपनी ओर से शुभकामनाएं दी । मृदु भाषी मिलनसार, श्री तिवारी में सन 1985 में पंचायत विभाग से अपनी सेवाएं प्रारंभ की थी 5 वर्ष तक सेवा के उपरांत आप सन 1998 में पौढ शिक्षा विभाग मै सेवा दी चलो उपरांत आप हाई स्कूल कलारबाकी में पदस्थ रहे तत्पश्चात आपको 16 जनवरी 2001 को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सदस्य किया गया उसी के साथ जिला पंचायत विभाग के शिक्षा विभाग में 2007 तक नियुक्ति स्थापना एवं जन शिक्षा केंद्र में रहे।

## ‘सक्षम’ कार्यक्रम के तहत कम्युनिटी यूथ लीडर्स का सम्मान



**कुरई ।** तहसील कुरई में ‘सक्षम’ कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कम्युनिटी यूथ लीडर्स का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) कुरई प्रशांत उइके ने युवाओं को प्रमाण–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में सक्षम कार्यक्रम के ब्लॉक नोडल अधिकारी श्याम सिंह इनवाती एवं सक्षम ब्लॉक प्रबंधक श्री नेत्रपाल कटरे की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर विभिन्न ग्राम पंचायतों में सक्रिय रूप से कार्यरत कुल 15 कम्युनिटी यूथ लीडर्स को सम्मानित किया गया।

## धनौरा मंडल में प्रथम आगमन पर मुकेश बघेल का स्वागत



**सिवनी नवभारत।** हाल ही में भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यकारिणी का गठन हुआ, जिसमे धनौरा ब्लॉक के ग्राम कूड़ारी में जन्में मुकेश बघेल को भाजपा जिला महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद पर पार्टी द्वारा नियुक्त किया गया। जिससे धनौरा ब्लॉक सहित पूरे केवलारी विधानसभा सहित जिले में हर्ष खुशी का माहौल है। कार्यकारणी गठित होने के बाद आज धनौरा क्षेत्र में प्रथम आगमन था। जिसमे मुकेश बघेल जी का जगह जगह फूल मालाओं बाजे गाजे से स्वागत किया गया। मुकेश बघेल बनने के बाद पूरे जिले एंव केवलारी विधानसभा क्षेत्र में संगठन में नई ऊर्जा का संचार देखने को मिल रहा है। धनौरा में स्वागत कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते शामिल होकर नवनियुक्त महामंत्री मुकेश बघेल को बधाई देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

मुकेश बघेल के महामंत्री बनने की खबर से क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई मजबूती मिलेगी।

इस अवसर पर मुकेश बघेल ने भाजपा परिवार एंव जिले एंव लखनादौन केवलारी विधानसभा से आए बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एंव क्षेत्रवासियों को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे जिस परिवार से आते हैं, उसके तन और मन में भारतीय जनता पार्टी के प्रति समर्पण रचा–बसा है। पार्टी द्वारा जिस पद की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, उसका निर्वहन वे पूर्ण निष्ठा और समर्पण से करेंगे। उन्होंने कहा कि तन, मन, धन, खून और पसीने से पार्टी को परम वैभव तक पहुंचाने का हरसंभव प्रयास करेंगे।

मुकेश बघेल ने सांसद श्री कुलस्ते का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन और आशीर्वाद संगठन को नई दिशा देने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री क्षेत्रीय सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते भाजपा युवा नेता लक्की राय, वरिष्ट नेता पत्रकार याकूब खान सफीक पटेल, महिला मोर्चा की अध्यक्ष शांति बाई राजनेगी, कहानी मंडल अध्यक्ष ममलेश पटेल, धनौरा मंडल महामंत्री मोनू राय, सूजन बघेल, कृष्ण,कुमार अग्रवाल कृष्णकुमार यादव,अल्पसंख्यक मोर्चा से हामिद खान, डॉ बसंत प्रजापति, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र जैन, मंडल अध्यक्ष सुजीत मिश्रा, सहित कार्यकर्ता ने स्वागत किया।

## ब्लॉक कांग्रेस सुकतरा ने मनाई चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि

**सुकतरा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुकतरा द्वारा महान क्रांतिकारी अमर बलिदानी चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके त्याग, साहस और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत जीवन पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि आजाद का बलिदान देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है और युवाओं को उनके आदर्शों को आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम के पश्चात संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत ढुटेरा में पंचायत कांग्रेस कमेटी का गठन किया गया। उपस्थित नेताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और जनसमस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर घुमंतू जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष देवीसिंह चौहान, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुकतरा के अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य तेजसिंह रघुवंशी, विधानसभा युवक कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप सिंह ककोडिया, रमकचंद वरकड़े, मंडलम अध्यक्ष प्रहलाद वाडिवा, पूर्व अध्यक्ष देवन मरावी, युवक कांग्रेस नेता पवन डेहरिया, प्यारेलाल उइके, सेक्टर अध्यक्ष सुखराम धुर्वे, सरपंच विजय उइके तथा पंचायत कमेटी अध्यक्ष सरवन मरकाम सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में रिक्त सीटों के लिए चयन परीक्षा होगी




**घंसौर नवभारत।** जनजाति कार्य विभाग के अंतर्गत मध्य प्रदेश स्पेशल एंड रेसीडेंशियल एकेडमिक सोसायटी भोपाल द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय घंसौर में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए कक्षा 7वीं, 8 वीं एवं 9वीं में बालक/बालिकाओं की रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु अनुसूचित जनजाति (स्त्र) के विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। प्रवेश हेतु चयन लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों की मेरिट के आधार पर किया जावेगा। आवेदन फार्म एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय घंसौर की वेबसाईट www .emrsghansore.com के नोटिफिकेशन सेक्सन से डाउनलोड कर या विद्यालय में आवेदन करने की अंतिम तिथि 15/ 3/2026 दिन शनिवार शाम 4 बजे तक है आवेदन फार्म के साथ आधार कार्ड एवं जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय घंसौर समिति द्वारा महत्वपूर्ण तिथियों व रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है

विस्तृत जानकारी विद्यालय में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है। कक्षा 7वी, 8वीं एवं 9वीं में विद्यार्थियों के चयन हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन दिनांक 24/03/2026 दिन मगलवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 तक विद्यालय में किया जायेगा एवं अंतिम मेरिट सूची का प्रकाशन दिनांक 30/03/2026 दिन सोमवार को विद्यालय की वेबसाईट www .emrsghansore. com में एवं विद्यालय के सूचना पटल में किया

## सिवनी का ‘सूर्य’ राष्ट्रीय मंच पर दैदीप्यमान, अवनीश पाठक को सारस्वत सम्मान




**सिवनी नवभारत।** शब्दों से ज्वाला, कविता से चेतना और स्वर से राष्ट्रभाव जगाने वाले सिवनी जिले के युवा कवि अवनीश पाठक ‘सूर्य’ को 23 फरवरी को आयोजित भव्य अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में सारस्वत सम्मान से अलंकृत किया गया। यह ऐतिहासिक आयोजन सुभद्रा कुमारी स्मृति मंच, सिवनी द्वारा शुक्रवारी बाजार स्थित गांधी चौक में हजारों साहित्यप्रेमियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

महज़ 24 वर्ष की आयु में अवनीश पाठक ‘सूर्य’ बीते 6 वर्षों से देश के बड़े महानगरों से लेकर सुदूर गांवों तक अपने ओजस्वी काव्यपाठ से धर्म, समसामयिक चुनौतियों और राष्ट्रप्रेम की मशाल प्रज्वलित कर रहे हैं। उनके शब्द केवल कविता नहीं, बल्कि जनचेतना की हुंकार बनकर गूंजते हैं। इतना ही नहीं, विगत 4 वर्षों से रेडियो के माध्यम से वे 300+ से अधिक नवोदित कवि–कवयित्रियों को मंच प्रदान कर साहित्य की नई पीढ़ी गढ़ रहे हैं। कम आयु में इतना व्यापक साहित्यिक योगदान उन्हें अपने समकालीनों से अलग और विशिष्ट बनाता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कवि प्रदीप फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश पांडे, सरदार वल्लभ भाई पटेल विश्वविद्यालय, बालाघाट के कुलाधिपति श्री दिवाकर पटेल एवं संत बलवंतश्रद्धानंद जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने ‘सूर्य’ की प्रखर राष्ट्रवादी लेखनी और ऊर्जावान प्रस्तुति की मुक्तकंठ से सराहना की। यह विराट कवि सम्मेलन राष्ट्रप्रसिद्ध कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान की पुण्यतिथि के पावन अवसर पर आयोजित किया गया था। आयोजन की कमान मोहन चंदेल के कुशल नेतृत्व में रही, जिसके कारण कार्यक्रम ऐतिहासिक बन सका। सिवनी की माटी से निकला यह ‘सूर्य’ आज राष्ट्रीय आकाश में अपने तेज से आलोकित हो रहा है। सारस्वत सम्मान केवल एक अलंकरण नहीं, बल्कि उस साहित्य साधना का सम्मान है, जो राष्ट्र, समाज और संस्कृति के लिए समर्पित है।

### नगर परिषद छपारा द्वारा शहीद की जन्म भूमि पर नहीं बना सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह

## शहीद अंकित कोष्टा की 14वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**छपारा नवभारत।** नगर के बाजार वार्ड शीशगर वार्ड में जन्मे भारतीय सेना के जवान शहीद अंकित कोष्टा ने विगत 22–23 जनवरी 2012 को श्रीनगर के डाबर सेक्टर में अपने साथी 17 जवानों के साथ देश की सरहद पर ड्यूटी में तैनात थे जहां अचानक बर्फीले तूफान आने से सभी 17 जवानों सहित वीरगति को प्राप्त हो गए वहीं तलाशने में पांच दिन बाद सभी जवानों के शव बाहर निकाले जा सके और शहीद अंकित का शव पहले दिल्ली और उसके बाद जबलपुर लाया गया जहां राष्ट्रीय सम्मान के साथ उनका 27 फरवरी 2012 को अंतिम विदाई दी गई वहीं ज्ञात हो कि पूरे 14 वर्ष बीत चुके हैं पर शहीद की प्रतिमा स्मारक या कोई भी सम्मान स्वरूप चिन्ह अब तक नहीं बनाया जा सका है वहीं जिला सिवनी पर कलेक्ट्रेट में उपस्थित हो कर शहीद अंकित के चाचा मदन कुमार कोष्टा एवं सिवनी कोष्टा कोष्टी समाज के संरक्षक पूनाराम कुल्हाड़े ने विगत 21 जनवरी एवं पुनः 24 फरवरी को जनसुनवाई में श्रीमती शीतला पटले जिला कलेक्टर सिवनी को आवेदन दिया गया है जिसमें छपारा में शहीद के नाम से स्मारक, प्रतिमा, औषधि वाटिका औ अग्निवीर प्रशिक्षण केन्द्र आर्मी भवन बनाने को लेकर मांग की गई है।

## शासकीय अवकाश दिवसों में भी खुले रहेंगे पंजीयन कार्यालय

सिवनी नवभारत। जिला पंजीयक सिवनी द्वारा बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार माह मार्च में शासन के राजस्व एवं जनसामान्य को दस्तावेजों के पंजीयन में अधिक सुविधा देने के लिए माह मार्च में होली का अवकाश छोड़कर शेष समस्त शासकीय अवकाश के दिनों प्रत्येक शनिवार एवं रविवार सहित समस ?त उपपंजीयक कार्यालय एवं जिला कार्यालय पंजीयन कार्य के लिए खुले रखने के आदेश आदेश जारी किये गए हैं।

**बैठक** | आगामी त्यौहारों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित, कलेक्टर–एसपी ने दिए आवश्यक निर्देश

## संवेदनशील इलाकों में तैनात रहेगा पुलिस बल, शांति से मनाये त्यौहार



**सिवनी नवभारत।** जिले में माह मार्च एवं अप्रैल 2026 में आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक त्यौहारों के दृष्टिगत शुक्रवार 27 फरवरी को पुलिस कंट्रोल रूम में शांति समिति की बैठक कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, एसडीएम श्रीमती पूर्वी तिवारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी, विभिन्न धर्मावलंबी एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में सर्वप्रथम 02 मार्च को होलिका दहन एवं 04 मार्च को धुरेड़ी (रंगोत्सव) को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने होलिका दहन स्थलों पर सुरक्षा, अग्निशमन, विद्युत व्यवस्था, साफ–सफाई एवं भीड़ नियंत्रण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वन विभाग को जिला मुख्यालय में होलिका दहन हेतु जलाऊ लकड़ियों की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिवनी को होली पर्व के दौरान विशेष जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता ने संपूर्ण जिला सहित नगर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा तथा सतत पेट्रोलिंग की जाएगी। कलेक्टर एसपी द्वारा जिला चिकित्सालय में त्वरित राहत एवं आपातकालीन उपचार की व्यवस्था बनाए रखने तथा अतिरिक्त चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने जिलेवासियों से सभी त्यौहारों को आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं खुशियों के साथ मनाएं जाने की अपील की है। उन्होंने पर्वों के व्यवस्थित आयोजन, सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने तथा प्रशासन के दिशा–निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने विशेष रूप से होलिका दहन में गो–काष्ठ के उपयोग को बढ़ावा देने, हरित वृक्षों की कटाई से बचने, जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए सीमित जल उपयोग करने तथा धुरेड़ी पर ऑर्गेनिक गुलाल के उपयोग की अपील की।

बैठक में गुड़ी पड़वा की रैलियों को निर्धारित रूट से निकालने, ईद–उल– फितर के अवसर पर ईदगाहों में साफ–सफाई एवं आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने, रामनवमी पर ज्वारे विसर्जन हेतु घाटों की साफ–सफाई एवं जुलूस व्यवस्था, महावीर जयंती, हनुमान जयंती सहित अन्य त्यौहारों को आपसी समन्वय स्थापित कर शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर भी चर्चा की गई।

## दाउदी बोहरा समाज की अनोखी पहल

### नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन





**सिवनी नवभारत।** सामाजिक सरोकार, राष्ट्रनिष्ठा और जनकल्याण की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए दाउदी बोहरा समाज द्वारा आज बोहरा मस्जिद, सिवनी में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर समाज के धर्मगुरु सैयदना आली क़दर मुफद्दल सैफुद्दीन के मार्गदर्शन एवं फरमान के अनुरूप संपन्न हुआ।

शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और संभावित बीमारियों की समय रहते पहचान कर उन्हें गंभीर होने से पहले नियंत्रित करना रहा। बदलते मौसम, ग्लोबल वार्मिंग और बढ़ती स्वास्थ्य चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई, ताकि पवित्र रमज़ान–उल–मुबारक के दौरान रोज़ा, नमाज़ और इबादत में किसी प्रकार की स्वास्थ्य बाधा न आए। शिविर में समाज के सभी वर्गों महिलाओं, पुरुषों, बच्चों एवं बुजुर्गों का संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने ब्लड प्रेशर, शुगर, सामान्य स्वास्थ्य जांच सहित आवश्यक चिकित्सीय परामर्श भी प्रदान किया। जरूरतमंदों को आगे की जांच और उपचार संबंधी मार्गदर्शन भी दिया गया। समाजजनों ने इस सराहनीय पहल की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए इसे जनहित में एक प्रेरणादायक कदम बताया। आयोजन की सफलता में समाज के पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों की सक्रिय भूमिका रही।